**Nai Dunia (Indore), 04th November 2010, Page-7**

# आईआईटी को जगह दिवाली के बाद

**इंदौर।** आईआईटी को विवि दिवाली बाद अपने इंजीनियरिंग कॉलेज में और जगह मुहैया करवा रहा है।

■ प्रशासन का दबाव कुलपति के निर्देश

आईआईटी प्रशासन द्वारा भोपाल से डलवाए गए दबाव के बाद विवि ने एमओयू के वादे से पहले जगह उपलब्ध कराने पर सहमति दे दी है। विवि आईआईटी को इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग कॉलेज के नए भवन में 20 हजार वर्गफुट जगह और देगा। दिवाली के बाद यह जगह मिल जाएगी। पहले आईआईटी को यह जगह दिसंबर में दी जाना थी। आईआईटी प्रशासन और जल्दी जगह देने की माँग कर रहा था। भोपाल से इस बारे में स्थानीय प्रशासन के पास फोन आया। बुधवार को कुलपति और कलेक्टर के बीच भी इस मसले पर चर्चा हुई। आखिरकार कुलपति प्रो. पीके मिश्रा ने निर्देश दे दिए कि दिवाली के बाद आईआईटी को और जगह दे दी जाए। फिलहाल आईआईटी को विवि ने 33 हजार वर्गफुट जगह दे रखी है। -नप्र